तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शैतान सिंह **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार शेरगढ़)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353685222542452	
06/03/26	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपाल वाडी, गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 06.01.2026 शैतान सिंह गोगादेव द्वारा प्रकरण संख्या 86/2025 पर तहसीलदार शेरगढ़ द्वारा अन्तर्गत धारा 91 भू. राजस्व अधिनियम 1956 के पारीत आदेश की पालना में ग्राम पंचायत तिंवना के गांव टिम्बड़ी के खसरा संख्या 57/1, 58/1 व 16 पर किये गये अवैध कब्जे को संपूर्ण रूप से हटवाने तथा दिनांक 10.11.2025 को इस संबंध में गलत रिपोर्ट पेश करने वाले हल्का पटवारी दिलीप सिंह के खिलाफ गलत रिपोर्ट पेश करने के आरोप में कानूनी कार्यवाही करवाने और पटवारी की इस संबंध में भूमिका की किसी निष्पक्ष राजस्व अधिकारी से शिकायतकर्ता की मौजूदगी में मौके की जांच करवाने बाबत लिखे पत्र पर तहसीलदार शेरगढ़ द्वारा की गई संपूर्ण कार्यवाही की संपूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं अन्य संबंधित दस्तावेज के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.: 20911253
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.06 18:47:57 IST
Reason: Approved